दिन– सोमवार | दिनांक– 15 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पूर्णिया में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के लिए छत्तीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे।

02. श्री मोदी पूर्णिया हवाई अड्‌डा और मखाना बोर्ड का शुभारंभ करेंगे। गुलाबबाग स्थित शीशा बाड़ी मैदान में जनसभा को भी करेंगे संबोधित।

03. सर्वोच्च न्यायालय वक्फ संशोधन अधिनियम– दो हजार पच्चीस की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज फैसला सुनाएगा।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना, वैशाली, समस्तीपुर, खगड़िया और किशनगंज समेत चौदह जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पूर्णिया में आयोजित कार्यक्रम में बिहार के लिए छत्तीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसमें विमानन, रेलवे, कृषि और बुनियादी ढांचे से संबंधित कई परियोजनाएं शामिल हैं।

———रिपोर्ट———

प्रधानमंत्री पूर्णिया हवाई अड्डे का उद्‌घाटन और यहां से विमानों के परिचालन की शुरुआत करेंगे। पूर्णिया राज्य का चौथा एयरपोर्ट होगा, जहां से व्यवसायिक विमान सेवा शुरू होगी। श्री मोदी बिहार में राष्ट्रीय मखाना बोर्ड की शुरूआत भी करेंगे। यह बोर्ड उत्पादन और नई तकनीक के विकास को बढ़ावा देगा, फसल कटाई के बाद प्रबंधन को मजबूत करेगा, मूल्य संवर्धन और प्रसंस्करण को प्रोत्साहित करेगा तथा विपणन, निर्यात और मखाना की ब्रांडिंग को बढ़ावा देगा, जिससे बिहार और देशभर के मखाना किसानों को लाभ होगा। भारत के कुल मखाना उत्पादन का लगभग नब्बे प्रतिशत हिस्सा बिहार से आता है। प्रधानमंत्री गुलाबबाग स्थित शीशा बड़ी मैदान में आज दोपहर बाद एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए पूर्णिया से होमी चंदन।

---

प्रधानमंत्री रेलवे क्षेत्र की कई परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे श्री मोदी तीन नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। एक रिपोर्ट––

———रिपोर्ट———

वे बिक्रमशिला–कटारिया रेल लाइन का शिलान्यास करेंगे जिसकी लागत दो हजार एक सौ सत्तर करोड़ रुपये से अधिक है। यह गंगा पार क्षेत्रों को सीधा रेल संपर्क प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री अररिया–गलगलिया नई रेल लाइन का उद्घाटन करेंगे जिसकी लागत 4,410 करोड़ रुपये है। यह अररिया और किशनगंज जिलों को जोड़कर सीमांचल क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत करेगी। वे इस अवसर पर जोगबनी–दानापुर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखायेंगे, जिससे अररिया, पुर्णिया, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया, बेगूसराय, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, वैशाली और पटना जिलों को सीधा लाभ होगा। प्रधानमंत्री जोगबनी–ईरोड और सहरसा–छेहरता (अमृतसर) के बीच दो अमृत भारत एक्सप्रेस रेल गाड़ियों के परिचालन की भी शुरुआत करेंगे। इसके साथ ही श्री मोदी कटिहार–सिलिगुड़ी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखायेंगे। समाचार कक्ष से अनुपम कुमार।

---

ऊर्जा क्षेत्र में प्रधानमंत्री भागलपुर के पीरपैंती में चौबीस सौ मेगावाट की थर्मल पावर परियोजना का शिलान्यास करेंगे। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट——

अल्ट्रा–सुपर क्रिटिकल और लो–इमीशन तकनीक पर आधारित यह पावर प्लांट बिहार का सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का निवेश होगा, जिसकी लागत लगभग पच्चीस हजार करोड़ रुपये है। यह परियोजना राज्य को समर्पित बिजली उपलब्ध कराएगी और बिहार की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाएगी। श्री मोदी कोसी–मेची अंतरराज्यीय नदी जोड़ परियोजना के पहले चरण का भी शिलान्यास करेंगे, जिसकी लागत दो हजार छह सौ अस्सी करोड़ रुपये से अधिक है। इस परियोजना के अंतर्गत नहर उन्नयन, गाद निकालना, क्षतिग्रस्त संरचनाओं का पुनर्निर्माण, सेटलिंग बेसिन का नवीनीकरण और डिस्चार्ज क्षमता को पंद्रह हजार से बढ़ाकर बीस हजार क्यूसेक तक करने की योजना है। इससे उत्तर–पूर्वी बिहार के कई जिलों में सिंचाई का क्षमता का विस्तार होगा, बाढ़ नियंत्रण और कृषि क्षेत्र में मजबूती मिलेगी। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

---

कृषि और सहायक क्षेत्रों के लिए प्रधानमंत्री पूर्णिया में सेक्स–सॉर्टेड सीमेन सुविधा का उद्घाटन करेंगे। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत बनी यह अत्याधुनिक सुविधा प्रति वर्ष पांच लाख सेक्स–सॉर्टेड सीमेन डोज़ तैयार करने में सक्षम है। यह पूर्वी और उत्तर–पूर्वी भारत की पहली ऐसी सुविधा है। श्री मोदी प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत पैंतीस हजार ग्रामीण लाभार्थियों के लिए गृह प्रवेश समारोह में शामिल होंगे और प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के अंतर्गत लगभग छह हजार शहरी लाभार्थियों को घरों की चाबियाँ सौंपेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री बिहार में दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत पांच सौ करोड़ रुपये के सामुदायिक निवेश फंड क्लस्टर स्तरीय संघों CLFs को वितरित करेंगे और कुछ CLF अध्यक्षों को प्रतीक स्वरूप चेक भी सौंपेंगे। प्रधानमंत्री सुपौल और कटिहार में अपशिष्ट प्रबंधन के तहत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और दरभंगा, कटिहार और भागलपुर में जलापूर्ति योजनाओं का भी शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्य मंत्रिमंडल के कई सहयोगी भाग लेंगे।

---

सर्वोच्च न्यायालय वक्फ संशोधन अधिनियम– दो हजार पच्चीस की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज अपना निर्णय सुनाएगा। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टाइन जॉर्ज मसीह की पीठ ने बाईस मई को इस मामले में निर्णय देने के आदेश को सुरक्षित रख लिया था।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दिवाली तक जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। इन सुधारों ने कई क्षेत्रों में कर दरों को कम करके नागरिकों का जीवन आसान बना दिया है। आज हम आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी जैसे चिकित्सा उपकरणों और दवाओं के लिए किए गए सुधारों पर नज़र डालेंगे। ये सुधार इस महीने की बाईस तारीख से लागू होंगे। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

---

सेवा और सुशासन, अर्थात जनसेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज सेवा पर्व की इस विशेष श्रृंखला में हम आपको बताएंगे कि कैसे मोदी सरकार हमारे पर्यावरण और जैव विविधता में सकारात्मक बदलाव लेकर आई है। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट––

---

पटना सहित राज्य के विभिन्न भागों में पिछले चौबीस घंटों से लगातार बारिश हो रही है। पटना में हुई बारिश से निचले इलाकों में जलजमाव की स्थिति हो गई है, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिन तक प्रदेश के उत्तरी भागों में कई स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के अनुसार आज वैशाली, सारण, समस्तीपुर और खगड़िया जिले में कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश हो सकती है। इसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस अवधि में पटना, बेगूसराय, मुंगेर, लखीसराय, भोजपुर, मुजफ्फरपुर, शेखपुरा, किशनगंज, अररिया और सुपौल समेत दस

जिलों में भारी बारिश के आसार हैं। कई स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की भी आशंका है।

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज जिले के तैयबपुर में दो सौ निन्यानवे दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, वज्रपात की घटना में भोजपुर जिले के तरारी थाना क्षेत्र के अकरौंज गांव में एक महिला और गयाजी के गुरारू थाना क्षेत्र के सरैया गांव में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

---

प्रदेश में नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव से कई स्थानों पर तेजी से कटाव हो रहा है। हमारी सहरसा संवाददाता ने बताया है कि कोसी नदी के जलस्तर में कमी के बाद कटाव से सिरवार–वीरवार पंचायत के मुसहरी टोला के पास लगभग चालीस घर नदी में समा गये। वहीं, घोंघेपुर पंचायत के वार्ड नम्बर –तेरह सनहका में भी कटाव से लगभग सत्रह परिवारों के घर नदी में विलीन हो गए। ग्रामीणों ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से कटारोधी कार्य किये जाने का आग्रह किया है।

---

बांका जिले के बेलहर थाना क्षेत्र अंतर्गत दमजोर तांती टोला में बेलहरनी नदी स्थित सरारी घाट पर स्नान के दौरान डूबने से तीन किशोरियो ंकी मौत हो गई। वही जिले के धोरैया थाना क्षेत्र अंतर्गत अहिरो गांव में तालाब में स्नान के दौरान डूबने से एक वृद्ध की मौत हो गई।

---

पूर्णिया जिले के नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने डीआईयू के सहयोग से छापेमारी कर भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। मौके से दो ट्रक भी जब्त किये गये हैं।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पूर्णिया आगमन से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – प्रधानमंत्री आज पूर्णिया एयरपोर्ट का करेंगे उद्घाटन। पैंतीस हजार चार सौ इकसठ करोड़ की देंगे सौगात।

**दैनिक जागरण** की विशेष खबर है मतदाता सूची का तीस तक प्रकाशन। उसके बाद देश भर में एसआईआर।

**हिन्दुस्तान** ने मौसम को प्रमुख खबर बनाते हुए लिखा है – उत्तर बिहार में आज से भारी बारिश होगी। मौसम विभाग ने बिहार समेत देश में इस साल कड़ाके की ठंड का पूर्वानुमान जताया।

**दैनिक भास्कर** लिखता है आयकर रिटर्न भरने का आज आखिरी दिन। अब तक छह करोड़ तीस लाख रिटर्न ही दाखिल हुए।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पूर्णिया में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के लिए छत्तीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

02. श्री मोदी पूर्णिया हवाई अड्डा और मखाना बोर्ड का शुभारंभ करेंगे। गुलाबबाग स्थित शीशा बाड़ी मैदान में जनसभा को भी करेंगे संबोधित।

03. सर्वोच्च न्यायालय वक्फ संशोधन अधिनियम– दो हजार पच्चीस की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज फैसला सुनाएगा।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना, वैशाली, समस्तीपुर, खगड़िया और किशनगंज समेत चौदह जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।